मुठभेड़ में घायल बदमाश सहित चार गिरफ्तार

संदेश वाहक न्यूज

श्रावस्ती। बीती रात जिले की एसओजी एवं सिरसिया थाना पुलिस की संयुक्त टीम का बदमाशों से भीषण मुठभेड़ हुआ। जिसमें पुलिस की गोली से एक बदमाश गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा तीन अन्य बदमाशों को भी पुलिस ने सफलता पूर्वक गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गब्बापुर गांव के पास स्थित तालाब के पास चार संदिग्ध व्यक्ति लूट की योजना बना रहे हैं। लूट की योजना बनाने की सूचना मिलते हीं एसओजी एवं सिरसिया पुलिस की संयुक्त टीम ने बदमाशों की योजना को विफल करने के लिए एक्शन में आ गई। संयुक्त टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची तो वहां पर मौजूद चारों बदमाश पुलिस को देखकर इधर-उधर भागने लगे, जिन्हे पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया और थाना सिरसिया लाकर पूछताछ शुरू की तो पकड़े गये बदमाशों की पहचान हसन अली पुत्र बच्छन निवासी बाबापुरवा दाखिला हल्लाजोत थाना कोतवाली भिनगा, लाल मंथन उर्फ मिथुन पुत्र मदन निवासी बनघुसरा थाना कोतवाली भिनगा, रमेश मिश्रा उर्फ पट्टे महाराज पुत्र रामआधार मिश्रा निवासी सिकंदर बोझी थाना हरैंय्या जनपद बलरामपुर व बाबादीन उर्फ जलालुद्दीन पुत्र मुशरर्फ निवासी भभरापुर दाखिला लक्ष्मनपुर इटवरिया थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने थाना मल्हीपुर व हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र में हुई लूट व चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार हसन अली हीं गैंगलीडर निकला, जिसने थाना हरदत्तनगर गिरण्ट अन्तर्गत हुई लूट का सामान रामपुर बंधा के पास सुहेलवा जंगल में गुलर के पेड़ के नीचे छुपा कर रखने की बात कही। जिसपर पुलिस टीम ने हसन अली को लेकर उक्त स्थान पर पहुंची तो वहां से भारी मात्रा में लूट का सामान बरामद हुआ। इसी बीच हसन अली ने मौका पाकर हेड कांस्टेबल देवेन्द्र प्रताप की पम्प एक्शन गन छीनकर पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जिसपर सिरसिया प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज तत्काल मोर्चा सम्हाला और आत्मरक्षार्थ अपनी सरकारी पिस्टल से जवाबी कार्यवाही की, जिसमे हसन अली के बांये पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी सिरसिया में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के बाद उसे पुलिस ने पुन: हिरासत में लेकर उसके अन्य साथियों के साथ जेल रवाना कर दिया है।

मुठभेड़ के बाद घटना स्थल का निरीक्षण करते एसपी।

आरोपियों पर घोषित था हजारों का इनाम

हसन अली के विरुद्ध बलरामपुर, श्रावस्ती सहित अन्य जनपदों में लूट, हत्या, हत्या का प्रयास व गैंगस्टर एक्ट सहित लगभग 36 अभियोग पंजीकृत हैं। लाल मंथन उर्फ मिथुन के विरुद्ध लगभग 12 अभियोग व रमेश मिश्रा उर्फ पट्टे महाराज के विरुद्ध लगभग 08 अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा हसन अली, लाल मंथन व रमेश मिश्रा के ऊपर 25-25 हजार रूपये तथा बाबादीन उर्फ जलालुद्दीन पर 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तमंचा, तीन जिंदा कारतूस, घटना मे प्रयुक्त दो मोटर साइकिल सहित चोरी किया गया अन्य सामान व नगद रूपये बरामद किए गए हैं।

- **माल बरामदगी के दौरान हेड कांस्टेबल की गन मशीन छीन कर पुलिस टीम पर झोंका फायर**
- **जिले में दहशत का पर्याय बने बदमाशों को एसओजी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने दबोचा**

लूट व चोरी में आरोपित चार बदमाश दबोचे गए, मुठभेड़ में एक घायल

दो तमंचा, कारतूस, दो बाइक चोरी का सामान व रुपये बरामद

जासं • श्रावस्ती : एसओजी व सिरसिया पुलिस टीम ने मल्हीपुर व हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र में हुई लूट व चोरी का राजफाश कर दिया है। गुरुवार की देर शाम चार इनामी बदमाश दबोचे गए। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। आरोपितों के कब्जे से दो तमंचा, कारतूस, दो बाइक, रुपये व जेवर समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि एसओजी व सिरसिया पुलिस की संयुक्त टीम चिल्हरिया मोड़ पर देर शाम गश्त कर रही थी। सूचना मिली कि गब्बापुर गांव स्थित तालाब के पास चार व्यक्ति लूट व चोरी की योजना बना रहे हैं। पुलिस को आते देखकर चारों भागने लगे। टीम ने घेराबंदी कर सभी को दबोच लिया। सिरसिया थाने में पूछताछ के दौरान आरोपितों की पहचान भिनगा क्षेत्र के हल्लाजोत के बाबापुरवा निवासी हसनअली, बनघुसरा के लाल मंथन उर्फ मिथुन, लक्ष्मनपुर इटवरिया के भभरापुर के बाबादीन उर्फ जलालुद्दीन व बलरामपुर जिले के हरैंया क्षेत्र के सिकंदर बोझी निवासी रमेश मिश्रा उर्फ पट्टे महाराज के रूप में हुई। आरोपितों ने मल्हीपुर व हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र में लूट व चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपित हसनअली पर बलरामपुर व श्रावस्ती समेत अन्य जिलों में लूट, हत्या, हत्या का प्रयास व गैंगस्टर के लगभग 36 मुकदमें दर्ज हैं।

लाल मंथन पर लगभग 12 व रमेश मिश्रा के विरुद्ध लगभग आठ मामले दर्ज हैं। हसनअली, लाल मंथन व रमेश मिश्रा पर 25- 25 हजार व बाबादीन पर 15 हजार का पुरस्कार घोषित था। रात में ही गैंग के सरगना हसनअली ने हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र में की गई चोरी का सामान रामपुर बंधा के पास सुहेलवा जंगल स्थित गूलर के पेड़ के पास छिपा कर रखने की बता बताई। आरोपित को लेकर टीम मौके पर पहुंची। यहां से चोरी का सामान बरामद किया। इसी दौरान हसनअली ने मुख्य आरक्षी देवेंद्र प्रताप की पंप एक्शन गन छीनकर पुलिस पार्टी पर दो फायर कर दिए। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने जवाबी फायर किया। इसमें हसनअली के बाएं पैर में गोली लगी। उसे प्राथमिक उपचार के लिए सिरसिया सीएचसी लाया गया। एसपी ने एएसपी प्रवीण कुमार यादव के साथ रात में ही घटनास्थल पर पहुंचे। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सिरसिया थाने में आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

घटनास्थल का जायजा लेते एसपी घनश्याम चौरसिया (दाएं से दूसरे) • जागरण